राष्ट्रीय शूकर अनुसंधान केन्द्र में हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन

राष्ट्रीय शूकर अनुसंधान केन्द्र गुवाहाटी में 14 सितम्बर 2016 से 28 सितम्बर 2016 तक हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन किया गया।

हिन्दी पखवाड़ा का शुभारम्भ डा. दिलिप कुमार शर्मा, निदेशक, राष्ट्रीय शूकर अनुसंधान केन्द्र, गुवाहाटी द्वारा किया गया। निदेशक महोदय ने हिन्दी भाषा का सरकारी दफतरो में उपयोगिता के बारे में बताया तथा कार्यालय के सभी कर्मचारियों से अपील की कि वे अधिक से अधिक कार्य हिन्दी में करने का प्रयास कर देश की तरक्की में भागीदार बने। साथ ही उन्होनें हिन्दी के प्रकाशन की उपयोगिता के बारे में सभी कार्मचारियों को अवगत कराया और अपील की कि वे संस्थान में चल रही शोध आलेखो का प्रकाशन हिन्दी में भी करे ताकि इस का लाभ अधिक से अधिक किसानो तथा आम जनता तक सीधा पहुच सके। तदपश्चात् श्री उत्तम प्रकाश, सहायक प्रशासनिक अधिकारी एवं प्रभारी राजभाषा अधिकारी ने हिन्दी राजभाषा अधिनियम से सम्बंधित विशेष जानकरी कार्मचारियों से साझा की तथा सरकार एवं संविधान द्वारा इस की उपयोगिता को बढ़ाने के प्रयास के बारे में अवगत कराया।

हिन्दी पखवाड़ा में निम्नलिखित प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

दिनांक एवं समय	कार्यक्रम	आयोजन स्थल
14.09.16	हिन्दी पखवाड़े का शुभारम्भ, निदेशक महोदय द्वारा	समिति कक्ष
	हिंदी कार्यशाला-श्री उत्तम प्रकाश, स.प्र. अधिकारी द्वारा ।	
16.09.16	हिन्दी टंकण	पुस्तकालय
19.09.16	हिंदी लेखन प्रतियोगिता	पुस्तकालय
23.09.16	निबधं प्रतियोगिता	पुस्तकालय
26.09.16	हिंदी कार्यशाला- डा. सुनील कुमार द्वारा।	पुस्तकालय
28.09.16	हिंदी कार्यशाला- श्रीमती उदिता जैन, सेवानिर्वित, राजभाषा अधिकारी, आल इंडिया रेडीयो द्वारा।	समिति कक्ष
	गायन प्रतियोगिता	
	वाद-विवाद प्रतियोगिता	
01.10.16	समापन कार्यक्रम एवं पुरस्कार वितरण	समिति कक्ष

हिन्दी पखवाड़ा के मध्य राणी, हाईस्कूल में छात्रों के साथ एक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया जिसमे डा. सुनिल कुमार, वैज्ञानिक द्वारा डेंगू एवं चिक्कनगुनिया जैसी बिमारीयों की जानकारी दी तथा रोकथाम के प्रयास के तरीके भी बताए ताकी इन बिमारीयों को रोक कर एक स्वस्थ समाज बना सके।

कार्यक्रम के समापन में विशिष्ट अतिथि श्रीमती उदिता जैन, सेवानिर्वित, राजभाषा अधिकारी, आल इंडीया रेडियो, ने सभी कर्मचारियों को हिन्दी भाषा का उपयोग सरलतापूर्वक सरकारी कार्यालय में किस तरह किया जाये के बारे में बताया। निदेशक महोदय द्वारा हिंदी पखवाड़ा का समापन से पूर्व कार्यक्रम में विजयी प्रतियोगियों को पुरस्कृत कर सभी कर्मचारियों से अपील की कि वे हिंदी का उपयोग कार्यलय में हिंदी राजभाषा अधिनियम के तहत अनिवार्य रुप से करे, साथ ही सभी कार्यक्रम का हिंदी प्रारुप संस्थान की वेबसाईट में अपलोड करने का भी निर्देश दिया।

कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ श्री उत्तम प्रकाश, प्रभारी राजभाषा अधिकारी द्वारा किया गया।

हिंदी पखवाड़ा
दिनांक 14 सितंबर - 28 सितंबर,

हिंदी पखवाड़ा
दिनांक 14 सितंबर - 28 सितंबर,

हिंदी का सम्मान, देश का सम्मान हैं,

हिंदी पखवाड़ा

हिंदी का सम्मान, देश का सम्मान हैं,
हम स्वतंत्र हैं, राजभाषा से ही इसकी पहचान हैं।
हिंदी पखवाड़ा
दिनांक 14 सितंबर - 28 सितंबर, 2016

हिंदी पखवाड़ा

हिंदी का सम्मान, देश का सम्मान हैं,
हम स्वतंत्र हैं, राजभाषा से ही इसकी पहचान हैं।